...ड़ हादसा टल गया। अगर रात को भारी

नैचुरल आर्गेनिक टी कल्टीवेशन पर कार्यशाला

गोलाघाट, 29 मार्च (वि.सं.)। सेंटर फार एजुकेशन एवं कम्युनिकेशन, नई दिल्ली के सौजन्य से बोकाखात के पेस्को रिसोर्ट में लघु चाय खेतिहरों हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 'नैचुरली आर्गेनिक टी कल्टीवेशन' बिषय पर किया गया। इसमें गोलाघाट, जोरहाट और कार्बी अंग्लोंग के 35 से भी अधिक लघु चाय खेतिहरों ने भाग लिया। इस मौके पर खड़गपुर आईआईटी के डा. शोमैन पालित मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में मौजूद थे। मालूम हो डा. पालित विभिन्न संस्थानों में चीफ साइंटिस्ट तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट के प्रमुख रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकी और चाय उद्योग के विकास पर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम का जिक्र किया। दो दिवसीय कार्यशाला कई तरह की जानकारी के साथ प्रैक्टिकल सत्र भी हुआ। कार्यशाला में प्रोजेक्ट अधिकारी सुजीत हजारिका, मिंटू गोस्वामी, चंपा दास ने भी कई विषयों पर खेतिहरों को प्रशिक्षण दिया।